दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 59 मुरादाबाद 22 June 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## केरल से कश्मीर तक योग दिवस की धूम, PM मोदी ने मैसूर में लगाए आसन




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल वह कर्नाटक पहुंचे। आज उन्होंने 15 हजार लोगों के साथ योग किया। पीएम मोदी प्रतिष्ठित लिंगायत समुदाय के गुरुकुल सुत्तूर मठ भी जाएंगे। राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा और पार्टी की प्रदेश ईकाई के प्रमुख नलिन कुमार कतील ने यहां येलहांका वायुसेना अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की थी। जेपी नड्डा और अरविंद केजरीवाल ने भी किया योग-भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नोएडा स्टेडियम में सैकड़ों लोगों के साथ योग किया। इसके साथ ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने त्यागराज स्टेडियम में लोगों के साथ योग किया। हमें योग को एक अतिरिक्त काम के तौर पर नहीं लेना है। हमें योग को जानना भी है, जीना भी है, अपनाना भी है, पनपाना भी है। जब हम योग को जिने लगेंगे तब योग दिवस हमारे लिए योग करने का नहीं बल्कि अपने स्वास्थ्य, सुख, और शांति का जश्न मनाने का माध्यम बन जाएगाⵈ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग की ये अनादि यात्रा अनंत भविष्य की दिशा में ऐसे ही चलती रहेगी। हम सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे।- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीअंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमने इस बार "Guardian Ring of Yoga" का ऐसा ही अभिनव प्रयोग विश्व भर में हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों में सूर्योदय के साथ, सूर्य की गति के साथ, लोग योग कर रहे।- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीयोग हमारे लिए शांति लाता है। योग से शांति केवल व्यक्तियों के लिए नहीं है। योग हमारे समाज में शांति लाता है। योग हमारे राष्ट्रों और विश्व में शांति लाता है। और, योग हमारे ब्रह्मांड में शांति लाता है।

## आजम खान का योगी सरकार पर हमला, कहा- मुकदमें वापस लेकर गृहमंत्री और वजीर-ए-आला माफी मांगे



सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शराब की दुकान लूटने जैसे मुकदमों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ लूट व चोरी जैसे मुकदमें दर्ज कराए गए। ऐसे मुकदमें वापस लेकर गृहमंत्री और वजीर-ए-आला मुल्क से माफी मांगे। साथ ही सवाल दागा कि किस बात का इंतकाम लिया गया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सपा के शहर विधायक आजम खान ने शहर के पान दरीबा मुहल्ले के साथ ही बिलासपुर के टांडा हुरमतनगर और शाहबाद के सैफनी के भूरेशाह बाबा की दरगाह के पास मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम पर और हमारे परिवार पर शराब की दुकान लूटने का मुकदमा दर्ज किया गया। कहा कि गृहमंत्री और वजीर ए आला अपना ओहदा देखें और अपना सियासी मियार तय करें और मुल्क से माफी मांगे। उन्होंने इस दौरान कहा कि टाइगर वापस आ गया है। सैफनी के भूरेशाह बाबा की दरगाह के पास मैदान में हुई चुनावी जनसभा में सपा नेता ने भाजपा की केंन्द्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों उन पर व उनके परिवार पर जो जुल्म किए हैं, जितने मुकदमे दर्ज कराए हैं उतने तो हिन्दुस्तान के इतिहास में आजतक किसी पर नहीं लगाए गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त किया। बिलासपुर में टांडा हुरमत नगर में एक जनसभा में आजम खान ने कमिश्नर को आड़े हाथों लिया और दो सीटों की हार का ठीकरा कमिश्नर के सिर पर मढ़ दिया। उन्होंने मंडलायुक्त सहित कई अधिकारियों पर सियासी तीर चलाए। कहा कि अपने बक्सों और मशीनों की खुद हिफाजत करना। वर्ना इसमें भी कहीं खेल न हो जाए। उन्होंने सपा के हाथों को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर विधायक अब्दुल्ला आजम खान, अदीब आजम खान आदि मौजूद रहे।

## रामपुर के रण में CM योगी का आजम पर तंज, बोले- 'रस्सी जल गई ऐंठन नहीं गई'



आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन है। आज सीएम योगी ने रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के समर्थन में अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएं कीं। विलासपुर के बाद मिलक में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने आजम खान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- कोरोना काल में हमने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। जो जेल में थे, उनको भी फ्री में इलाज मिला। वे उस समय कहते थे कि जेल ही जन्नत है। आज कहते हैं जेल नरक थी। मैं जानता था वे लोग इतनी जल्दी रंग बदलते हैं कि गिरगिट भी शरमा जाए। रस्सी जल गई, लेकिन ऐंठन नहीं जा रही है।सीएम योगी ने कहा कि हम बचपन में सुनते थे। रामपुर का चाकू, हापुड़ का पापड़, आगरा का पेठा, अलीगढ़ के ताले, ये सब उत्तर प्रदेश के इन जिलों की पहचान थे। रामपुर का चाकू कमाल का था लेकिन यह सपाइयों के हाथ में लगा तो गरीबों की जमीनों पर डकैती डालने लगा। भाजपा की सरकार बनी तो ये जमीन भू-माफियाओं से लेकर गरीबों को वापस दिलाई गई। उन्होंने कहा कि गरीब, गरीब होता है। किसान किसान होता है। युवा-युवा होता है और महिलाएं, महिलाएं होती हैं। उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि हमने रामपुर के चाकू का इस्तेमाल यहां के गरीबों के सम्?मान और गरिमा के लिए किया है। हम रामपुर की धरोहर से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने रामपुर की पहचान का दुरुपयोग किया लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कुछ लोगों ने रामपुर की धरोहर को नष्ट करने का प्रयास किया। आज कानून उनका हिसाब कर रहा है। सीएम ने कहा कि सरकार के 5 सालों में दो साल कोरोना से लड़ने में निकल गए। कोरोना काल से हम गरीबों को फ्री राशन दे रहे हैं। बिना जाति-मजहब के भेदभाव के हमने सभी के लिए काम किया है। पहले मुख्यमंत्री आवास पर पेशेवर अपराधियों का सम्मान होता था लेकिन भाजपा की सरकार बनी तो उसी मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवाणी का पाठ होता है। अखिलेश ने बनाई दूरी यूपी में दो लोकसभा सीटों (रामपुर और आजमगढ़) पर हो रहे उपचुनाव से सपा अयक्ष अखिलेश यादव ने दूरी बनाई है। वे न तो वो आजमगढ़ गए और न ही रामपुर में अभी तक कोई रैली की है।

### अग्निवीर पर बोले सीएम योगी

सीएम योगी ने रामपुर की जनसभाओं में अग्निपथ योजना की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारे समय में भेदभाव किसी के साथ नहीं होता है। यूपी का कोई भी नौजवान जब नौकरी पर लगता है तो यूपी का नौजवान होता है। यही कारण है कि 5 साल में 5 लाख नौजवानों को हमने सरकारी नौकरी दी। 1.61 करोड़ नौजवानों को हमने निजी क्षेत्र में निवेश कराकर रोजगार और नौकरी के साथ जोड़ा। 60 लाख परम्?परागंज उद्यमियों को भी बैंकों के साथ जोड़कर प्रोत्साहित किया। इतने बड़े पैमाने पर यूपी में नौकरी कभी नहीं आई और हम आभारी है प्रधानमंत्री मोदी जी के कि उन्होंने डेढ़ साल में 10 लाख नौजवानों को अग्निवीर बनाकर देश की सेना, पैरामिलिट्री और पुलिस बल में सेवा का बेहतरीन अवसर देने की जो कार्यवाही उनके द्वारा शुरू हुई हुई है उसका स्वागत किया जाना चाहिए लेकिन विपक्ष है कि मानता नहीं। वो गुमराह करने में जुट गया है। यही कारण है कि इन विपक्षी दलों को देश की जनता बार-बार सबक सिखा रही है। यूपी में तो अभी-अभी जनता ने इन्हें संदेश दिया है। कांग्रेस दो सीटों पर सिमट गई। लोकसभा चुनाव में सपा का भी यही हाल होने वाला है

# हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रधुम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर-बिल्हौर- मृदुल योग ट्रेनिंग संस्थान एवं माँ अन्नपूर्णा देवी युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पे सुबह करीब 6 बजे त्रिवेणीगंज बड़ी बाजार में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, इस योग शिविर में श्री मती सूरजमुखी पब्लिक हाईस्कूल त्रिवेणीगंज बाजार बिल्हौर,अयोध्या प्रसाद पाल हायरसेकंडरी स्कूल देवहा, अन्नपूर्णा इंटर कालेज खजुरी, समेत कई कॉलेजो के छात्र- छात्राओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने योग किया, जिसमें शालिनी पाल एवं आयुषी गुप्ता ने कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, आदि बताया एवं साथ ही योग के फायदे भी बताए, योग गुरु ने कहा की स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है, शरीर स्वस्थ रखने के लिए योग करना आवश्यक है, आज के व्यस्त जिंदगी में लोग अपने शरीर पर ध्यान नहीं देते हैं जिससे वे बराबर अस्वस्थ रहते हैं योग गुरु ने लोगों को अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की, वहीं योग शिविर में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ0राजेन्द्र कटियार ने योग को नियमित रूप से अपनाने की अपील की, एवं बिल्हौर देहात से ग्रामप्रधान वीरेंद्र कटियार ने योग के विषय मे जानकारियाँ दी एवं योग को नियमित रूप से करने की सभी से अपील की, तथा मौके पर शिविर के आयोजक नीलेश अवस्थी ने सभी को योग के महत्व के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं शिविर में उपस्थित मृदुल योग ट्रेनिंग संस्थान के डायरेक्टर प्रद्युम्न कटियार ने योग के लाभ, व योग के महत्व के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं सभी से प्रतिदिन योग करने की अपील की, सूरजमुखी पब्लिक हाईस्कूल के प्रधानाचार्य राजीव शुक्ला ने कहा स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक है शिवम कटियार ने कहा करो योग रहो निरोग, मृदुल योग संस्थान से प्रशान्त कटियार ने योग के विषय मे सभी को जागरूक किया एवं इसके लाभ बताए एवं योग शिविर में उपस्थित सभी लोगो से प्रतिदिन योग करने की अपील की , इसके उपरांत जिन छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये थे उनको सम्मानपत्र आदि देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई एवं प्रतिदिन योग करने की अपील की गई योगशिविर के समापन के उपरांत उपस्थित सभी को कच्चे चना आदि का नि:शुल्क वितरण किया गया इस मौके पर ओमी कुशवाहा, अमित तिवारी, बृजेश कुमार कटियार (एडवोकेट), अजयकांत बाजपेई, सचिन कटियार, पंकज सक्सेना, रामू कटियार, राम जी, युग कटियार,शुभम कटियार,आदर्श,शशांक,श्याम जी शुक्ला,शिवम ठाकुर,आयुष दुबे समेत कई कॉलेजो के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।












# मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेन्ड्रा मरवाही-आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल की उपस्थिति में सुबह 7 से 8 बजे तक गुरुकुल खेल परिसर जिमनास्टिक हाल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती हेमकुवर श्याम, अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला सुश्री ममता पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री बी सी एक्का, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) श्री आर के खुटे सहित जिला प्रशासन के जिला अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। स्कूली बच्चे भी बड़ी संख्या में योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले अभ्यास में भद्रासन, वज्रासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले अभ्यास में मकरासन, भुजंगासन, पीठ के बल लेटकर पवनमुक्तासन, शवासन आदि अभ्यास कराए गए। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम भी कराया गया।



# अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की मासिक गोष्ठी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा पुलिस कार्यालय में व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आये व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। व्यापारियों द्वारा कस्बो में लगने वाले जाम/अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। गोष्ठी में उपस्थित व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना गया। प्रबंधको व पेट्रोल पंप/गैस एजेंसी/भट्ठा मालिको निर्देशित किया गया कि आप लोग अपने माध्यम से जो गार्ड/चौकीदार रखते हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें तथा सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें।

# 24 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तथा 250 किलोग्राम लहन नष्ट किया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम मेआबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस की टीम द्वारा भिनगा थाना अंतर्गत लोनियन पुरवा, मछरिहवा, खाले ककरा में दबिश देकर प्लास्टिक की पिपियों एवं प्लास्टिक की बोतलों में 24 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तथा प्लास्टिक की बाल्टियों एवं जरीकेनों से 250 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम के तहत 02 अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की गयी। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# विकासखंड सिरसिया के अंतर्गत विभूति नाथ मंदिर के प्रांगण में आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- आठवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शिविर के अवसर पर विकासखंड सिरसिया के अंतर्गत विभूति नाथ मंदिर के प्रांगण में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने पीआर डी जवानों को कराया योगाभ्यास और इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बी बी सी लखनऊ के अशोक पान्डेय मौजूद रहे क्षेत्र के समस्त पीआर डी जवान व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी सिरसिया विकासखंड ने बताया कि योग करने से शरीर का और शरीर में किसी प्रकार की कमी नहीं रहती है और स्फूर्ति बनी रहती है प्रात: काल सूर्योदय से पहले उठकर योग प्रत्येक लोगों को करना अनिवार्य है श्रमदान भी किया व वृक्षारोपण भी किया गया इस मौके पर समाज सेवक वरिष्ठ पत्रकार बी बी सी के अशोक पांडेय ने बताया की भारत के हर नागरिक को योगाभ्यास करना जरूरी है क्योंकि योगाभ्यास करने से शरीर में स्फूर्ति रहती है और कोई बीमारी भी नहीं आती है खान-पान की शुद्धता न होने के कारण अधिकतर लोग बीमार रहते हैं इसलिए सूर्योदय के पहले उठकर योगाभ्यास जरूर करें ।



# ओ0डी0ओ0पी0 योजना के सफल संचालन के फलस्वरुप उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट हब के रुप में विकसित हुआ है-मुख्यमंत्री



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुरादाबाद एयरपोर्ट पर आयोजित एक समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में मुरादाबाद जनपद के उत्तीर्ण मेधावी छात्र/छात्राओं से भेंट की व एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के मुरादाबाद के मेटल हैण्डक्राफ्ट के उत्पादन कर्ताओं एवं निर्यातकों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री जी ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पीतलनगरी मुरादाबाद के मुख्य प्रवेश द्वार एवं अमृत महोत्सव तौहार के अन्तर्गत स्थित ग्राम मोढा तैय्या की झील के कायाकल्प के कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद डवलपमेंट अथारिटी को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत पै्व् 9001रू2015 प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री जी ने मुरादाबाद एयरपोर्ट पर जनपद मुरादाबाद के बोर्ड परीक्षाओं के अन्तर्गत हाईस्कूल परीक्षा 2022 के उत्कृष्ट एवं मेधावी जिन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया उनमें प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली संस्कृति ठाकुर सहित राहूल जोशी, माधव सिंह, अनम जहां, अर्पित सिंह, विशाल कुमार, प्रकृति विश्नोई, अतिथि गौड़, विवेक कुमार, स्वालेहा परवीन, उलूबा बी एवं तरुण कुमार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2022 में उल्लेखनीय उपलब्धि हांसिल करने वाले मुरादाबाद जनपद के जिन छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया उनमें जतिन राज, संदीप तिवारी, सनी सिंह, बरदा खातिमा, रजनीश कुमार, सार्थक यादव, यशि सेहरावत, विशाल सिंह, विकास कुमार एवं स्नेहा त्यागी सम्मिलित है। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व अभिभावकों का आह्वान किया कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग किया जाये तथा शासन द्वारा युवाओं हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा अभ्युदय योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं एवं प्रोफेशनल कोर्सेज हेतु ऑनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से प्रदान की जा रही निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाये। उन्होंने छात्र/छात्राओं से कहा कि यदि उनका जीवन लक्ष्य प्रशासनिक अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर, अथवा सेना में अफसर बनने का है लेकिन अभावों के चलते वो ऐसा नही कर पा रहे हैं तो ऐसे साधनविहीन युवाओं हेतु शासन द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना शुरु की गयी है जिससे उन युवाओं के सपनों को फरीभूत करने का काम हुआ है जिसकी उन्होंने शायद कल्पना भी नही की होगी। उन्होंने कहा कि इस अभिनव योजना के तहत फिजिकली और वर्चुअली निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गयी है। यह योजना उन छात्रों के लिए वरदान साबित हो रही है जिनमें पढने की तथा कुछ कर दिखाने की चाह है लेकिन अब तक संसाधनों की कमी के कारण पीछे रह जाते थे। मुख्यमंत्री जी ने छात्र/छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए उनकी जीवन शैली व अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा जीवन में सफलता हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वे मेहनत, लगन एवं निष्ठा से अध्ययन करें, चूंकि सच्चे मन से किया गया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने आज अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में छात्र/छात्राओं को अपनी जीवन शैली में योगा को सम्मिलित कर स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की परिकल्पना को साकार करने तथा रचनात्मक कार्यो के माध्यम से व्यक्तित्व का




सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री जी ने मुरादाबाद एयरपोर्ट पर ही आयोजित एक कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजना के मुरादाबाद जनपद के मेटल हैण्डीक्राफ्ट उत्पादनकर्ताओं एवं निर्यातकों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि प्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना ओ0डी0ओ0पी0 का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के समस्त जनपदों के परम्परागत उद्योगों एवं उनमें लगे हस्तशिल्पियों को आगे बढाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के सफल संचालन के फलस्वरुप प्रदेश एक्सपोर्ट हब के रुप में विकसित हुआ है तथा प्रधानमंत्री जी की 卐वोटल फॉर लोकल卐 नीति को भी ओडीओपी योजना ने साकार किया। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत लाभान्वित लाभार्थियों जिसमें वित्त पोषण योजना एवं प्रशिक्षण एवं पूल पिट योजना के लाभार्थियों यथा श्रीमती पूर्णिमा अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, निश्चल आर्य, रजत सिंघल, अरविन्द चैधरी, निखित बंसल, शाहबुद्दीन, इल्यास साबरी, श्रीमती क्रान्ति एवं श्रीमती चमन जहां शामिल है को प्रतीक चिन्ह् प्रदान करके सम्मानित किया और उनसे सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी जनपदों के संतुलित एवं समान रुप से विकास करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा हमारे उद्यमी जब स्वावलंबी बन जाएंगे तो समाज भी स्वतः ही सशक्त हो जायेगा। उन्होंने उद्यमियों का आह्वान किया कि वे अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कडी प्रतिस्पर्धा के दृष्टिगत अपने अपवादों को विश्वस्तरीय और देश के लिए अधिकाधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को बताया गया कि मुरादाबाद जनपद में ओडीओपी योजना के अंतर्गत औद्योगिक इकाईयों की संख्या 10829 तथा निर्यातक इकाइयों की संख्या 1500 है जिससे लगभग 3 लाख लोगों का रोजगार सृजन होता है तथा लगभग रु0 9500 करोड का धातु शिल्प निर्यात प्रतिवर्ष होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद में कॉमन फैसिलिटि सेन्टर एवं निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु शीघ्र ही 卐एक्सपोर्ट सेन्टर卐 विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री जी ने मुरादाबाद डवलपमेंट अथारिटी को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत ढ्रस्ह्9001=2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लागत रु0 100 लाख से पीतल नगरी मुरादाबाद के मुख्य प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया तथा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ही 100 लाख रुपये की लागत से अमृत महोत्सव तौहार के अन्तर्गत स्थित ग्राम मोढा तैय्या की झील के कायाकल्प के कार्य का भी वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता, एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त, श्री गोपाल अंजान, पूर्व सांसद कुवर सर्वेश सिंह, विधायक बढापुर श्री सुशान्त सिंह, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह सहित ए0डी0जी0 पुलिस बरेली श्री राजकुमार, मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह, डी0आई0जी0 श्री शलभ माथुर, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसएसपी श्री हेमन्त कुटियाल, सीडीओ श्री आनन्द वर्धन, उपाध्यक्ष एमडीए श्री मधुसूदन हुलगी, अपर नगर आयुक्त, एडीएम, एसपी आदि अधिकारीगण उपस्थित थे।

## फ्रिज में उतरे करंट की चपेट में आने से नौ माह के बालक की मौत, कल ही मासूम का ननिहाल में हुआ था मुंडन संस्कार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -संभल जिले के थाना उधैती के गांव खेड़ा में अपने मायके आई महिला का नौ माह मासूम बेटा फ्रिज में आ रहे करंट की चपेट में आ गया और अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन मासूम बच्चे को लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम बच्चे का सोमवार को गांव के मंदिर में मुंडन संस्कार कराया गया था। बच्चे की मौत से खुशी मातम में बदल गई।



बदायूं जनपद के थाना सहसवान निवासी मुनीश बाबू की पत्नी नीतू अपने नौ माह के मासूम कुनाल को लेकर अपने मायके थाना उधैती के गांव खेड़ा गई हुई थी। सोमवार को धूमधाम से मासूम का गांव में मंदिर पर मुंडन संस्कार कराया गया था। घर में खुशी का माहौल था और कई रिश्तेदार भी आए हुए थे। मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे मासूम कुनाल घर में फर्श पर खेल रहा था। परिजन अपने-अपने कार्य में लगे थे। तभी बालक ने कमरे में रखे फ्रिज को छू लिया। जिसमें उतरे करंट ने बालक को अपनी चपेट में ले लिया और करंट के झटके से बालक अचेक होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन आनन-फानन बालक को लेकर सीएचसी पहुंचे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# No violence

Such opposition to any employment scheme is unprecedented and regrettable. Dissatisfaction with a plan has its place and everyone has the right to protest or express against it, but no one should have the right to take violence or law and order in their hands. It is a sad fact that 529 trains had to be canceled on Monday due to protests in the country. The people whose travel will be proposed, who will have to reach somewhere in an emergency, how much trouble would they have faced? Railways has also informed that 71 trains going to Delhi have also been canceled in view of the protest. Especially the condition of Western Railway zone is very bad. In states like West Bengal, Bihar, Jharkhand, especially the security has to be increased. It is ironic that youth seeking government jobs are damaging government property. Is this the way to protest? Can't protest by any other peaceful means? However, it is also a matter of regret that why should any party join the side of such violent protests? Naturally, politics has intensified on this matter in the whole country. Keep in mind, Prime Minister Narendra Modi has said in gestures that some decisions and reforms may seem bad in the beginning, but they benefit the country in the long run. Therefore, there is a need to really enumerate the benefits of taking the youth into confidence. If the youth are being tricked, then the government should take the responsibility of bringing them on the path. This is the time when the government departments should be alert and explain to the youth at their own level. The governments of the states where violence is taking place should gear up so that normal life can be restored as soon as possible. There is no doubt that the character of the society that has become in our country, anti-social elements come down in any movement. Multiple proofs are in the hands of the government. On Sunday, the government banned 35 WhatsApp groups running fake news. The youth accused of stone pelting and arson on the train have to be arrested. In fact, when someone commits violence, he loses the natural sympathy of the common people. It is sad that there is no natural sympathy of the common people with all the protests that are taking place here. If you give concession to the perpetrators of violence at one place, then the demand for giving concession starts everywhere. Therefore, the strictness being taken by the state governments is understandable.

"Of course, there should be a feeling of motherhood or guardianship in the government towards the youth who want to speak politely. Who would deny that giving employment to the youth should be a priority, but giving them the message of discipline is equally important. Who would want to employ a youth who commits violence? Many young people today have come to believe that in some way the aim or goal must be achieved? This tendency itself is responsible for the violence. Over the years, the realization has also deepened that if you speak your mind calmly, the government does not listen. In totality, governments will have to act with sensitivity and understanding, so that peace is restored.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Kareena Kapoor deleted this photo of Jeh by posting, the caption was related to Yoga Day

Kareena Kapoor Khan shared a cute photo of her son JehangirAli Khan (Jeh) on Instagram, which she deleted shortly after. However, later he re-posted this photo with the same caption. Millions of likes had come on the first post within a few minutes and Jah's aunt Saba Pataudi also commented on this photo and wrote praises for Jeh. But the question arises that why did Kareena Kapoor Khan delete this photo a few minutes after posting it? Why was the photo deleted by posting? - In the photo, Kareena Kapoor's son Jeh (Jahangir Ali Khan) is trying to stand with the help of his hands. Seeing his posture in the photo, it looks like he is trying to plank. She will answer why Kareena Kapoor Khan deleted the photo, but let us tell you that the caption written by Kareena Kapoor with this picture was related to Yoga Day. Seeing the photo, such was the reaction of the aunt - Sharing this photo of Jeh, Kareena Kapoor Khan wrote, 'Balance... This is a very important word in the matter of yoga and life. Happy International Yoga Day friends. My Jeh Baba. Many people had given their reaction on this photo of Jeh and Jah's aunt Saba Pataudi also gave her reaction on this photo. Fans went crazy after seeing the cute photo of Jeh - Saba Pataudi, while making a heart emoji on the photo, wrote - MashaAllah. Seeing this photo of Jeh, Poonam Damania wrote 'Doll' in the comment section. People had wished Kareena Kapoor and her family a Happy Yoga Day in the comment box. Let us tell you that Jeh's name was revealed long after his birth. In fact, there was a lot of controversy after the name of Taimur Ali Khan, son of Saif Ali Khan and Kareena Kapoor Khan was revealed. Perhaps this was the reason that Jah's name was revealed after a long time and his nick name was revealed earlier. Later gradually it was revealed that the real and full name of the child has been kept as Jahangir.



# Work done in pre school, then changed name, people were surprised by intimate scenes, Kiara Advani's life was like this

These days Kiara Advani, who has dominated the box office and everyone's heart, is one of the popular actresses of Bollywood today. But let us tell you that Kiara has worked very hard to reach where she has reached today. However, the result of her struggle is that today Kiara's account includes many hit films. By the way, let us tell you that Kiara's first name was Alia. But at the behest of Salman Khan, she changed her name from Alia to Kiara. Actually, by the time Kiara made her Bollywood debut, Alia Bhatt had already made a name for herself in the industry and having two actresses of the same name creates a lot of confusion, so she changed her name to Kiara. Kiara already wanted to become an actress, but did you know that Kiara also worked in play school before starting her career in acting. According to reports, Kiara used to go to her mother's pre school. She used to go to pre school at 7 in the morning and play with the children and teach them nursery rhymes. Kiara's first film - Many people think that Kiara's first film was MS Dhoni, but let us tell you that Kiara made her Bollywood debut with the film Fugly. This film was produced by Akshay Kumar. However, the film did not do well at the box office and flopped.



# एटा में बड़े धूमधाम से मनाया गया 8 वां विश्व योग दिवस

## मानव की आंतरिक क्षमता का विकास करता है योग-राजवीर सिंह

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिले में आठवां विश्व योग दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा ने जिला कारागार में योग दिवस का आयोजन किया। जिसमें प्रभारी सचिव श्रीमती मीना अख्तर एवं श्रीमती कमलेश कुमारी अपर सिविल जज जूनियर डिविजन की अध्यक्षता में बंदियों को प्राणायाम हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जेल अधीक्षक अमित चौधरी, जेलर राजेश कुमार सचान, डिप्टी जेलर रितिक प्रियदर्शी ,डिप्टी जेलर कमलेंद्र प्रताप सिंह ,आदि कर्मचारी -अधिकारीगण मौजूद रहे। तथा दूसरी ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में श्री गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम एटा में योग दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 2000 लोगों की भीड़ के साथ जिले के समस्त विभाग शैक्षणिक संस्थान आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिला न्यायाधीश संदीप कुमार जैन उनके साथ अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह के साथ ही सीडीओ ,डीडीओ एवं जिला प्रशासन के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे, तथा शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसी के साथ साथ जिले के प्रमुख संगठनों ने भी पूरे जिले में विभिन्न स्थानों पर योग दिवस का आयोजन किया ।इस में शांति नगर स्थित एस्ट्रोलॉजी डायमेंशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की निदेशक श्रीमती किरन के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन किया गया। तथा पंचायत विकास संस्थान की कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता एडवोकेट व देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट ने अपने आवास पर ही योग दिवस का आयोजन किया ,इसके साथ ही निधौली कला में सुभाष चंद्र बोस युवा शक्ति क्लब के नेतृत्व में योगेंद्र सिंह की टीम ने योग दिवस का आयोजन किया। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसद आवास शांति नगर स्थित पर भी पार्टी के पदाधिकारियों ने सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया की उपस्थिति एवं विधान परिषद सदस्य आशू यादव एवं मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में योग दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे भाजपा के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने कहा कि योग से मानव शरीर निरोग होता है इसलिए हमें प्रतिदिन प्रात: करीब 1 घंटे योग करना चाहिए ।इसी के साथ विक्टोरिया पार्क में संघ परिवार और इससे संबंधित सभी संगठनों ने योग दिवस में बड़े धूमधाम से भाग लिया तथा पूरे जिले के शैक्षिक संस्थान एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने और समाजसेवियों ने बड़े धूमधाम से योग दिवस का आयोजन किया।

# थाना बागवाला पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को, चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बागवाला पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 20.06.2022 को थाना बागवाला पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को चोरी की गयी मोटर साईकिल ।।स्त्र डीलक्स विना नम्बर चेसिस न0 MBLHARw®XJ~L15757 सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 41/102 द0प्र0सं0 व 411 भा0द0वि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में मनाया गया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेन्ड्रा मरवाही- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे देश व राज्य के सभी विद्यालयों मे योग दिवस को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया , इसी क्रम मे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय , पेण्ड्रा मे योग दिवस मे विभिन्न योगासनों का अभ्यास व प्रणायाम कराया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी , पेण्ड्रा श्री एस एन साहू , सेवानिवृत्त प्राचार्य नवागांव श्री एन एन तिवारी व सेजेस प्राचार्य श्री व्ही के वर्मा जी रहे । कार्यक्रम मे 500 से अधिक छात्र - छात्राऐं एवं शिक्षक सम्मिलित हूऐ । एस एन तिवारी जी ने विद्यार्थीयों को संबोधित करते हूऐ रोजाना योगाभ्यास का महत्वपूर्ण अंग बताया व छात्रों को अनुशासन का महत्व बताते हुऐ । प्रतिदिन योगाभ्यास करने हेतु संकल्प दिलवाया । वही श्री साहू जी ने प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योगाभ्यास करने की सलाह दी व सेजेस पेण्ड्रा के उत्कृष्ट कार्यक्रमों के लिए भी सराहा । सेजेस प्राचार्य श्री वर्माजी ने योगाभ्यास के विभिन्न लाभों को बताया व संपूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ योग एवं खेलकूद को भी जरूरी बताया । कार्यक्रम का संचालन व्यायाम अनुदेशक सेजेस पेण्ड्रा के शिक्षक निशांत सिंह ने किया व कार्यक्रम को सफल बनाने मे रविंद्र यादव , अमन सिंह , मेघा जैन , उमेश रजक एवं समस्त शिक्षकों ने मुख्य भूमिका निभाई ।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा मानवता को समर्पित अंतराष्ट्रीय योग दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के पॉवन आशीर्वाद से इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दिनाँक 21 जून 2022 को सम्पूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय योग प्रक्षिशको के निर्देशन द्वारा अपनी-अपनी शाखाओं में खुले स्थानों एवं पार्कों में आयोजित किया गया। जिसका इसी कढ़ी में ब्रांच एटा के निरंकारी भक्तो ने प्रात: 6 =30 बजे से 7=30 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया । मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ( संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा )द्वारा वर्ष 2015 से ही योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रम का आयोजन संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखीजा के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में किया गया। सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज अक्सर अपने विचारों में यही फरमाते है कि आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ हमे शारिरिक एवं मानसिक रूप में स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। इस योग दिवस का उद्देश्य भी यही है कि सभी मे एकाग्रता और सामुदायिक एवं सामंजस्य की भावना का संचार हो जिससे कि जीवन शैली को और बेहतर उत्तम ढंग से जीया जा सके। वर्तमान समय मे जहाँ तनाव पूर्ण एवं नकारात्मक विचारों का प्रभाव हर व्यक्ति पर है ऐसे समय में परमात्मा ने हमे जो यह मनुष्य तन दिया है इसकी संभाल योग के माध्यम से अपनी ज्ञानेंद्रियों को जागृत करके आध्यात्मिकता से युक्त जीवन जीया जा सकता है। योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देंन है । यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। यह केवल व्यायाम रूप में नही अपितु यह सकारात्मक भावों को जागृत करके तनाव मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग द्वारा अपने जीवन को सहज एवम् सक्रिय रूप में स्वस्थ होकर जीया जा सकता है । वर्तमान समय मे तनाव मुक्त जीवन जीने हेतु योग की नितांत आवश्यकता है और इस संस्कृति को विश्व के लगभग सभी देशों द्वारा अपनाया जा रहा है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शिवदयाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा शिव दयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 जनपद आगरा ने खेल जगत मे नाम रोशन किये जाने पर तथा समाज के प्रति जनपद आगरा के विभिन्न क्षेत्रों एवं संस्थानो को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति प्रशिक्षण प्रदान करते हुए एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक किये जाने पर श्री सुधीर कुमार सिंह आईपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बुंदिया में लगभग तीन माह पहले हुए घटना में परिजनों ने लगाया कूटरचित करने का आरोप



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला सूरजपुर, भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बुंदिया में लगभग तीन माह पहले हुए घटना में परिजनों ने लगाया कूटरचित करने का आरोप,,,ज्ञात हो कि मृतक रामदास पैकरा को गांव का निवासी ओमनारायण पैकरा ने रामदास पैकरा को घर से काम कराने गन्ना खेत मे लेकर गया था एक दिन एक रात बीतने के बाद रामदास का लास गांव में ही गन्ना खेत मे मिला था बाद में परिजनों को किसी के माध्यम से पता चला कि रामदास खेत मे पड़ा है,, जबतक ग्रामीण व पुलिस वाले मौके में पहुच गए थे,और मृतक के पुत्र हरिलाल पैकरा एवम पत्नी बुधियारो पैकरा,,जब मौके में जाकर देखे तो गर्दन , जांघ,व कमर ,में चोट के निशान एवम मृतक का अंडरवियर जांघ तक निकला हुआ था,और मल के रास्ते से मल निकला था, जब परिजनों ने कुछ जानने व पुलिसकर्मियों से बात किया और रिपोर्ट लिखाने भटगांव थाना गए तो परिजनों को बोला गया कि अभी जांच चल रहा ,,हैं,,जांच व डॉक्टर रिपोर्ट के बाद आगे कार्यवाही किया जाएगा,,बाद में लगभग दो तीन महीने बीत जाने पर,, परिजनों को पुलिस द्वारा बताया गया कि रामदास का हार्टअटैक से मृत्यु हुआ है,, जबकि पुत्रहरिलाल व पत्नी बुद्धियारो ने एवम अन्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग किया है,,परिजनों का यह भी कहना है कि किसी बेगुनाह को फसाया न जाये,,, और किसी गुनाहगार को छोड़ा न जाये,, पुलिस अधीक्षक ने स्त्रहृश्च अनुविभागीय अधिकारी प्रतापुर पुलिस को जांच कर कारवाही करने का आदेश किया है,, अब देखना की मृतक का हत्या हुआ है या हार्टअटैक,, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा

# DAV मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ओड़गी में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी-आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्त्रडु1 मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ओड़गी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया जिसमे विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए एवं बच्चे सम्मिलित हुए, योग निर्देश एकल अभियान ग्राम स्वराज के सदस्य रामेश्वर यादव के द्वारा दिये गए। सूर्यनमस्कार करते हुए कार्यक्रम शुरू हुआ एवं सभी प्रकार के योग किये गए,कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य डी सिंह के द्वारा योग के महत्व को बताया गया एवं बच्चों को प्रतिदिन योग करने को निर्देशित किया। योग दिवस के इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के नमिता गुप्ता,संदीप यादव,कृतिका चौबे,हेमंत सिंह,प्रभा यादव , श्रेया तिवारी,उमा राजवाड़े, विनय यादव सहित अभिभावक गण उपस्थित थे।

# जल जनित बीमारियों से बचने अपनाएं सभी उपाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्वास्थ्य विभाग को कलेक्टर ने दिए विशेष निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहा कि बरसात शुरू हो गई है, जल जनित बीमारियों से बचने के लिए सभी जरूरी उपाय अपनाएं। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि बरसात में डायरिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति। पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा मितानिनओं के माध्यम से प्रारंभिक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त जिला अधिकारियों से कहा कि 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव के साथ स्कूल शुरू हो गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने प्रभार वाले स्कूलों का भ्रमण कर शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति तथा बच्चों को 30 जून तक गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों की विकासखंड वार और विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने कहा। उन्होंने तीनों जनपद पंचायतों के सीईओ को



हर तीन महीने में सरपंचों की बैठक लेकर सुपोषण अभियान, गोठानों में चल रहे गतिविधियों सहित कल्याणकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को अपनी आवश्यकता अनुसार शहरी क्षेत्रों के गोठानों से सुपर कंपोस्ट का उठाव करने कहा। सुपर कंपोस्ट की दर 6 रुपये प्रति किलो निर्धारित है। सुपर कंपोस्ट का उपयोग उद्यान, सर्किट हाउस, हॉस्टल, आश्रम, स्कूल परिसरों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कार्यालय तथा निवास परिसरों में बागवानी के लिए किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के लिए सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष लगाने तथा मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कराने कहा। उन्होंने कार्यालयों में उपयोग होने वाले स्टेशनरी एवं सामग्रियों की खरीदी छत्तीसगढ़ सी-मार्ट से करने, लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण, सेना में भर्ती के लिए जिले के युवक-युवतियों का पंजीयन कराने एवं प्रशिक्षण देने, रोजगार-स्वरोजगार के लिए अग्रणी बैंक से लोन दिलाने तथा जर्जर हो चुके अनुपयोगी शासकीय भवनों के पुनर्नियोजन का प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत ( डीआरडीए ) के परियोजना निदेशक श्री आर के खुटे, अपर कलेक्टर श्री बी सी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअर्चना झा, सयुंक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह एवं आनंदरूप तिवारी सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया योग दिवस



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आह्वान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े की अगुवाई में जिले स्तर पर लटोरी मंडल के ग्राम करवां सहित 14 मंडलों में महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की अगुवाई में योग दिवस पर योगा कर मनाया गया।जिसमें जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी अपनी सहूलियत के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर उपस्थित होकर योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में योग किये।

जिसमें योग के साथ-साथ योग का इतिहास योग के लाभ आदि के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई बताया गया कि योग शरीर के साथ साथ मन, बुद्धि और इंद्रिय को शुद्ध करता है। योग का सीधा व सरल अर्थ जोड़ना है। महर्षि पतंजलि के अनुसार चीत की वृतियों को चंचल होने से रोकना ही योग है। निरंतर योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी ओर कोल्हू आ में मनाया गया योग दिवस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-भारतीय जनता पार्टी मंडल बिहारपुर चांदनी ओर कोल्हुआ में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकल अभियान ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत बिहारपुर के ग्राउंड में योगा किया गया योग प्रशिक्षक धर्मेन्द



विश्वकर्मा योगेश पटेल के द्वारा योगा कराया गया इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता सरपंच मोहन सिंह उपसरपंच कुन्ते गुप्ता डा.सुरेश मिश्रा रामरक्षा पाल रामनारायन यादव नवनीत जायसवाल रामसुभग पाल मुकेश कुमार साकेत सच्चिदानंद कश्यप शिवबरन गुप्ता कन्हैयालाल जायसवाल देवेन्द्र कुमार गुप्ता मुकुन्दलाल जायसवाल विनोद शर्मा देवकुंवर बसंती सिंह सिमा यादव सचिव मुकेश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में योगा किया गया।